# इस दुनिया ने मुझे जब ठुकराया मेरे श्याम मैं शरण तेरी आया

इस दुनिया ने मुझे जब ठुकराया,
मेरे श्याम मैं शरण तेरी आया।bd।

---

जब ना दिखा मुझे कोई सहारा,
तू ही नज़र बस मुझे आया,
उलझा हुआ था मैं तो कबसे,
प्रभु तूने सुलझाया,
इस जग में जब हुआ मैं पराया,
मेरे श्याम मैं शरण तेरी आया।bd।

---

तू है सहारा श्याम हमारा,
हारे हुओ का तू ही तो है,
नाम तेरा मैं जब भी पुकारा,
तूने दिया बढ़के सहारा,
खुद को जब अकेला मैंने पाया,
मेरे श्याम मैं शरण तेरी आया।bd।

---

नाम तुम्हारा जीवन आधारा,
श्याम नाम मुझे प्राणो से प्यारा,
हर पल रखता ध्यान हमारा,
तू साथ जिसके वो ना हारा,
तेरे दर पे ही तो सबकुछ मैंने पाया,
मेरे श्याम मैं शरण तेरी आया।bd।

---

इस दुनिया ने मुझे जब ठुकराया,
मेरे श्याम मैं शरण तेरी आया।bd।

**Singer – Nikunj Prem**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com